**हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सेवायें चयन बोर्ड हमीरपुर -177001.**

**<u>प्रैस नोट</u>**

हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड, हमीरपुर द्वारा लिपिक पद संख्या 404 के पदों को भरने के लिए दिनांक 29.06.2015 से 12.07.2015 तक टंकण कौशल परीक्षा राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हमीरपुर में आयोजित की जा रही है । हिमाचल प्रदेश के समस्त जिलों से प्राप्त जे0बी0टी (J.B.T) प्रशिक्षणार्थियों के अनुरोध पत्रों पर विचार करने के बाद व जनहित को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने सम्बन्धित अभ्यर्थियों की टंकण कौशल परीक्षा का पुनः निर्धारण दिनांक 23.07.2015 को कर दिया है ।

अतः अब सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 23.07.2015 को प्रातः 8 बजे राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हमीरपुर में टंकण कौशल परीक्षा हेतु रिपोर्ट करें । टंकण कौशल परीक्षा की केवल तिथि ही बदली गई है अनुक्रमांक /बुलावा पत्र यथावत रहेंगे । इस सन्दर्भ में उन्हें लिखित सूचना अलग से भेजी जा रही है। सभी अभ्यर्थी अपना जे0बी0टी (J.B.T) प्रशिक्षणार्थी होने का प्रमाण भी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे । जिन अभ्यार्थियों ने अपनी-अपनी तिथियों में बदलाव के लिए आवेदन नहीं किया है उन्हें सलाह दी जाती है कि वे एक सप्ताह के भीतर इस कार्यालय को सूचित करें ताकि समय रहते उनकी संख्या का पूर्वानुमान लगाया जा सके।

दिनांकः- 27.06.2015

सचिव,
हि0 प्र0 अधीनस्थ सेवाएं
चयन बोर्ड, हमीरपुर ।